# एकलव्य स्टेडियम में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**आगरा।** जनपद आगरा के एकलव्य स्टेडियम में निर्मित अवस्थापनाओं का जीर्णोद्धार खेल विभाग से प्राप्त धनराशि से किया जा रहा है।

एकलव्य स्टेडियम में चल रहे उक्त जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी आगरा द्वारा किये निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी ( आपूर्ति ) आगरा एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, आगरा एवं कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित थे।

एकलव्य स्टेडियम में चल रहे उम्त जीर्णोद्धार का कार्य कार्यदायी संस्था यू.पी.प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. , निर्माण इकाई -4 आगरा द्वारा किया जा रहा है।

स्टेडियम में कुल 14 अवस्थापनाओं के सापेक्ष 11 अवस्थापानाओं पर कार्य चलता हुआ पाया गया। कार्य की प्रगति काफी धीमी थी जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक अवस्थापना कार्य की समय सीमा निर्धारित करते हुए चार्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये।

शूटिंग यार्ड में कार्य चलता हुआ नहीं पाया गया कार्यदायी सस्था को तत्काल वहां कार्य प्रारम्भ कर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त टेबिल टेनिस कोर्ट, शौचलय एवं जिम कोर्ट में मौके पर कार्य चलता हुआ पाया गया। जिसे निर्धारित समय सीमान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। निरीक्षण के समय चल रहे कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई।

बास्केट बॉल, जिम्नास्टिक तथा बैडमिन्टन कोर्ट में खेल विशेषज्ञों की राय लेकर आधुनिक तकनीकि प्राविधानों को समाहित करते हुए कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से कराने के निर्देश दिए गये।

# भारतीय शैक्षणिक संगठन के शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षक विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

**अग्रभारत संवाददाता खेरागढ़।** भारतीय शैक्षणिक संगठन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में एन.बी. गार्डन, नगला उदैया रोड, खेरागढ़ में शिक्षा जगत से जुड़े प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के सम्मान में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिक्षाविदों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।




कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय शैक्षणिक संगठन, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं शिक्षक विधायक डॉ. आकाश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारयुक्त समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षक सम्मान एवं नैतिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेंद्र सिंह बिष्ट ( प्रदेश महामंत्री ), डॉ. सी.पी. अग्रवाल, शैलेंद्र तिवारी, संदीप मुखरैया एवं मनोज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्कूल में मचा हड़कंप! मिड-डे मील बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, रसोइया झुलसीं



**मैनपुरी / करहल।** करहल क्षेत्र के गांव नानमई स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को मिड-डे मील बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के दौरान विद्यालय में मौजूद बच्चों और स्टाफ में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हादसे में रसोइया झुलस गई। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते आग पर काबू पा लिया। उनकी तत्परता के चलते आग विद्यालय परिसर में नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि घटना के समय विद्यालय में मौजूद सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे। यदि आग फैल जाती, तो मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती थी। घटना के बाद विद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और गैस उपकरणों की नियमित जांच को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने की।

# बिजली के तार को जोड़ने को लेकर जमकर हुई मारपीट एक पक्ष में आधा दर्जन लोग हुए घायल

### थाना क्षेत्र के गांव शास्त्री नगर की घटना पुलिस ने मामले में घायलों का कराया मेडिकल



**बिछवा/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव शास्त्री नगर में बिजली का तार जोड़ने को लेकर झगड़ा हो गया जिसमें एक पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। पुलिस में घायलों का मेडिकल कराया है मामले में नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गांव शास्त्री नगर में शुक्रवार को शाम बिजली का तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी तक डंडे चले जिसमें एक पक्ष से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। गांव शास्त्री नगर निवासी अशोक कुमार पुत्र जनक सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि उसे व उसके पिता जनक सिंह पुत्र सुजान सिंह कुशमा देवी पत्नी रमेश मंजू पत्नी रामबाबू रामबाबू पुत्र चौव सिंह केदार पुत्र गिरन्द सिंह को गांव निवासी रघुवीर विपिन पप्पू अजीत बाबू भानु रवि रामवीर उदयवीर आज लोगों ने लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही गाली गलौज की जान से मारने की धमकी भी दी है मामले की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी शासकीय अभिलेख नहीं सौंपने पर तत्कालीन वरिष्ठ सहायक को अंतिम नोटिस

### कूटरचित मस्टरोल के आधार पर भुगतान के आरोप में निलंबित रहे आलोक माहेश्वरी के खिलाफ एफआईआर की चेतावनी

### एक सप्ताह में अभिलेख हस्तांतरित न करने पर होगी विधिक कार्रवाई, जिला युवा कल्याण अधिकारी का अंतिम अल्टीमेटम

**आगरा।** आलोक माहेश्वरी तत्कालीन वरिष्ठ सहायक, आगरा को कूटरचित मस्टरोलों के आधार पर पी.आर.डी.स्वंयसेवको को ड्यूटी भत्ता के भुगतान करने तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा बिना प्रमाणित किये तथा जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द., अधिकारी द्वारा बिना भुगतान हेतु पारित किये ही मस्टररोलों का भुगतान करने, शासकीय कार्यों में रूचि न लेनें, मनमानी कार्यप्रणाली के आरोप में महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के आदेश सं.01/433795 / 2026 दिनांक 24 जनवरी 2026 के द्वारा निलम्बित कर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गयी है, श्री माहेश्वरी निलम्बित रहते हुए दिनांक 31 जनवरी 2026 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त / शासकीय सेवा से अवमुक्त हो चुके हैं।

यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने देते हुए बताया कि श्री माहेश्वरी के द्वारा सेवा से अवमुक्त होने के बावजूद शासकीय अभिलेखों का चार्ज अब तक हस्तगत नही किया गया उक्त हेतु विशेष पत्र वाहक के माध्यम से कार्यालय के पंत्राक सं.-70 दिनांक-08 अप्रैल 2026 द्वारा भेजा गया परन्तु उनके आवास पर वह अथवा उनके घर का कोई व्यक्ति उपस्थित नही पाया गया। आज दिनांक-03 अगस्त 2026 तक अभिलेखों का इतनी लम्बी अवधि तक चार्ज हस्तान्तरित ना करना, शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाना है अतः इस प्रेस विज्ञिप्त के माध्यम से श्री माहेश्वरी को अन्तिम बार सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त शासकीय अभिलेखों को सम्बन्धित को हस्तान्तरित कर दें। अन्यथा की स्थिति में महानिदेशालय के पत्र सं.-एक2-681/प्रा.वि.द./1989 दिनांक 27 अप्रैल, 2026 के कम में आपके विरूद्ध प्राथमिकी (एफ.आई.आर.) दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# आरबीएस डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में एकदिवसीय प्रधानाचार्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

### हर विद्यालय में खुलेगी स्काउट-गाइड यूनिट, स्काउट-गाइड से विकसित होंगे सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के संस्कार -जिलाधिकारी

### आगरा में 312 प्रधानाचार्यों की कार्यशाला, स्काउट-गाइड गतिविधियों को मिलेगा विस्तार

### जनपद के सभी विद्यालयों में स्काउट-गाइड यूनिट सक्रिय करने का अभियान तेज



**आगरा।** प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार (IAS Retd) जी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड, जनपद आगरा द्वारा आरबीएस डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में एकदिवसीय प्रधानाचार्य कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीबीएसई एवं उत्तर प्रदेश बोर्ड के 312 प्रधानाचार्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी विद्यालयों में भारत स्काउट एवं गाइड की यूनिट स्थापित एवं सक्रिय रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड विद्यार्थियों में सेवा, संस्कार, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सहनशीलता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास करता है। स्काउट-गाइड का स्वयंसेवक एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं सेवाभावी नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अनिल कुमार वशिष्ठ ने पीपीटी के माध्यम से भारत स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों, उद्देश्यों तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी प्रधानाचार्यों से अपने-अपने विद्यालयों में स्काउट-गाइड गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डायट प्राचार्य विजय प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र पाल तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक (बालिका शिक्षा) बी.पी. सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन जिला सचिव श्रीमती रेनू भारद्वाज ने किया। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए जनपद के सभी विद्यालयों से भारत स्काउट एवं गाइड की यूनिटों से जुड़ने तथा प्रत्येक विद्यालय में स्काउट-गाइड गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्रीमती गुंजन चौधरी, डॉ. बसंत बहादुर सिंह, सीबीएसई कोऑर्डिनेटर आर.के. पांडेय, डॉ. अतुल जैन, सोनिका चौहान, संजय गर्ग, शालिनी गर्ग, पीयूष शर्मा, विवेक सिंह, रामानंद चौहान, डॉ. दिग्विजय पचौरी, कविता कुशवाहा, महेश सैनी, कुसुम वर्मा, डॉ. मनोज पाठक, कुलदीप तिवारी, विशाल कुमार, अभिषेक ध्रुव, प्रतीक, आयुषी, लक्ष्मी सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजेश्वर मेला : श्रद्धालुओं की सेवा में चौबीस घंटे मुस्तैद रहीं नगर निगम की टीम

### सावन के पहले सोमवार पर राजेश्वर महादेव मेले में तीन शिफ्टों में 160 कर्मचारियों ने संभाली कमान



**आगरा।** सावन के पहले सोमवार पर राजेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच नगर निगम प्रशासन की व्यवस्थाएं पूरे दिन सुचारु रूप से संचालित होती रहीं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम की टीमें 24 घंटे मुस्तैदी के साथ डटी रहीं। सफाई, कूड़ा निस्तारण, जलनिकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बनाए रखने के लिए कुल 160 कर्मचारियों की तैनाती की गई थी, जिन्होंने सुबह, दोपहर और रात्रि की तीन शिफ्टों में लगातार कार्य किया।

मेले के दौरान मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही के कारण डस्टबिन तेजी से भर रहे थे। नगर निगम की टीमों ने लगातार कूड़ा उठाकर उसका तत्काल निस्तारण कराया, जिससे पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनी रही। सफाई कर्मचारियों की सतत निगरानी के चलते कहीं भी कूड़े का ढेर नहीं लगने दिया गया। व्यवस्थाओं की निगरानी प्रभारी जेड एस ओ योगेंद्र कुशवाहा एवं एस एफआई मलखान सिंह लगातार करते रहे। दोनों अधिकारी समय-समय पर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और आवश्यक दिशा-निर्देश भी देते रहे।

# कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य आगरा

पत्रांक 130 /मत्स्याखेट/नीलामी/2026–27 दिनांक– 31.07.2026

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–01/19/33/1–02–2019 (रिट) 2018 राजस्व अनुभाग–2 दिनांक–10.01.2019 में निहित व्यवस्थानुसार जनपद आगरा की निम्नलिखित तहसीलों में पड़ने वाली यमुना नदी/जल धाराओं जहाँ है ,जैसा है, के मत्स्य आखेट के पट्टे/ठेके हेतु आवंटन की तिथि से 31 मई, 2027 तक की अवधि के लिए नीलामी के माध्यम से की जायेगी। मत्स्य विभाग द्वारा पंजीकृत मत्स्य जीवी सहकारी समितियों की वरीयता निम्नवत होगी :–

(क) सम्बन्धित ग्राम में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियॉ जो उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम,1965 के अर्न्तगत रजिस्ट्रीकृत हो और मत्स्य पालन विभाग, उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त हों।

(ख) सम्बन्धित न्याय पंचायत क्षेत्र में निवास करने वाले मछुआ समुदाय के व्यक्तियों की सहकारी समितियॉ, जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

(ग) सम्बन्धित विकास खण्ड में निवास करने वाले मछुआ समुदाय की सहकारी समितियॉ जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

(घ) सम्बन्धित जनपद में निवास करने वाले मछुआ समुदाय की सहकारी समितियॉ जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

(ड) उ0प्र0 राज्य में निवास करने वाले मछुआ समुदाय की सहकारी समितियॉ जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

(च) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की सहकारी समितियॉ जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

(छ) अन्य सहकारी समितियॉ जो ऊपर की भॉति पंजीकृत और मान्यता प्राप्त हों।

उपरोक्त से पटटा/ठेका के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। नीलामी/पट्टा/ठेका आवंटन की कार्यवाही में भाग लेने से पूर्व उपरोक्त इच्छुक समितियॉ सहायक निदेशक मत्स्य, आगरा कार्यालय से निर्धारित नीलामी/पट्टा/ठेका आवंटन हेतु आवेदन पत्र एवं विस्तृत शर्तें प्राप्त कर निर्धारित आवेदन को पूर्ण विवरण व साक्ष्य सहित भर कर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, आगरा में जमा कर सकते हैं। नीलामी/पट्टा/ठेका आवंटन के लिए पृथक–पृथक अर्नेस्ट मनी की धनराशि जमा करनी होगी। उपरोक्त वरीयता की सभी समितियॉ एक साथ आवेदन करेगीं तथा वरीयतानुसार नीलामी कक्ष में समितियों को बुलाया जायेगा। प्रथम वरीयता के द्वारा नीलामी छोड़ने पर आगामी क्रम की समितियों को नीलामी कक्ष में बुलाया जायेगा। पटटा आवंटन/नीलामी हेतु बोली स्तम्भ (6) में उल्लिखित तिथि, स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें। शासनादेशानुसार स्पष्टीकरण के बिन्दु संख्या (6) में निहित व्यवस्था के अनुसार मत्स्य आखेट समिति बोली में उच्चतम धनराशि वाली मत्स्य जीवी सहकारी समिति से बोली की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा कराऐंगे तथा अवशेष धनराशि एक सप्ताह में जमा कराना अनिवार्य होगा एवं शर्त संख्या (3) के अनुसार पट्टाधारक/नीलामी प्राप्त कर्ता द्वारा मत्स्य विभाग के अधिकारियों की देख–रेख में 2000 मत्स्य अंगुलिका (70 से 100 मि0मी0 आकार) प्रति कि0मी0 की दर से भारतीय मेजर कार्प प्रजाती नदियों में पुनर्स्थापित करने के लिए रिवर रैचिंग कराया जायेगा, जिसकी धनराशि नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि के साथ रिवर रैचिंग की धनराशि तत्काल जमा करायी जायेगी, जिसमें अन्तिम निर्णय अध्यक्ष महोदय का होगा।

| क्र0 सं0 | तहसील का नाम | नदी का नाम | खण्ड/क्षेत्र का नाम | खण्ड लम्बाई (कि0मी में) | नीलामी खण्ड में मत्स्य बीज संचय सं0 2000/–प्रति कि0मी0 | नीलामी खण्ड में मत्स्य बीज संचय की धनराशि रू0 2 प्रति नग | नीलामी हेतु न्यूनतम आरक्षित मूल्य | नीलामी हेतु प्रस्तावित तिथियॉ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाह | उटंगन नदी | अरनौटा से पिढौरा तक | 15.50 | 31000 | 62000 | 194334 | 24.08.2026, 31.08.2026 व 07.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | यमुना नदी | यमुना खण्ड–1 (ग्रा0पं0 पिढौरा की सीमा से ग्रा0पं0 राजौरा की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 382000 | |
| 3 | | | यमुना खण्ड–2 (ग्रा0पं0 रामपुर चन्द्रसैनी की सीमा से ग्रा0पं0 भरतार की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 335000 | |
| 4 | | | यमुना खण्ड–3 (ग्रा0पं0 भरतार की सीमा से ग्रा0पं0 स्याइच की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 327000 | |
| 5 | | | यमुना खण्ड–4 (ग्रा0पं0 फरैरा की सीमा से ग्रा0पं0 रूदमली की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 327000 | |
| 6 | | | यमुना खण्ड–5 (ग्रा0पं0 विक्रमपुर की सीमा से ग्रा0पं0 गढी बरौली की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 329000 | |
| 7 | | | यमुना खण्ड–6 (ग्रा0पं0 पारना की सीमा से ग्रा0पं0 कचौरा की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 335000 | |
| 8 | | | यमुना खण्ड–7 (ग्रा0पं0 कचौरा की सीमा से ग्रा0पं0 खिलावली की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 371000 | |
| 1 | फतेहाबाद | यमुना नदी | यमुना खण्ड–8 (ग्रा0पं0 गुढा की सीमा से ग्रा0पं0 मुटावई की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | 25.08.2026, 01.09.2026 व 08.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | | यमुना खण्ड–9 (ग्रा0पं0 सिकतरा की सीमा से ग्रा0पं0 बेहडी की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 3 | | | यमुना खण्ड–10 (ग्रा0पं0 पारौली सिकरवार की सीमा से ग्रा0पं0 हिमायूपुर की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 4 | | | यमुना खण्ड–11 (ग्रा0पं0 हिमायूपुर की सीमा से ग्रा0पं0 ईदोन की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 5 | | | यमुना खण्ड–12 (ग्रा0पं0 ईदोन की सीमा से ग्रा0पं0 अई की अंन्तिम सीमा तक)– | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 6 | | | यमुना खण्ड–13 (ग्रा0पं0 मुरावल की सीमा से ग्रा0पं0 लुहारी फतेहाबाद की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 7 | | | यमुना खण्ड–14 (ग्रा0पं0 धनौला खुर्द की सीमा से ग्रा0पं0 रिहावली की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 1 | एत्मादपुर | यमुना नदी | यमुना खण्ड–15 (ग्रा0पं0 गिजोली की सीमा से ग्रा0पं0 धिंगरौली की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | 02.09.2026, 09.09.2026 व 16.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | | यमुना खण्ड–16 (ग्रा0पं0 धिंगरौली की सीमा से ग्रा0पं0 नगर निगम की अंन्तिम सीमा तक)– | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 3 | | | यमुना खण्ड–17 (ग्रा0पं0 नगर निगम की सीमा से ग्रा0पं0 सुरहरा मुस्तकिल की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 110000 | |
| 1 | सदर | यमुना नदी | यमुना खण्ड–18 (ग्रा0पं0 अरतौनी की सीमा से ग्रा0पं0 स्वामी मुस्तकिल की अंन्तिम सीमा तक)– | 8.00 | – | - | इस वर्ष जनपद मथुरा से नीलामी होनी है। | 03.09.2026, 10.09.2026 व 17.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | | यमुना खण्ड–19 (ग्रा0पं0 स्वामी मुस्तकिल की सीमा से ग्रा0पं0 बाईपुर की अंन्तिम सीमा तक)– | 8.00 | – | - | | |
| 3 | | | यमुना खण्ड–20 (ग्रा0पं0 खासपुर की सीमा से ग्रा0पं0 बुढाना की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 121605 | |
| 4 | | | यमुना खण्ड–21 (ग्रा0पं0 एत्मादपुर मदरा की सीमा से ग्रा0पं0 बरौली गूजर की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | 16000 | 32000 | 136437 | |
| 1 | खेरागढ | किवार नदी | कोल्हुआ से देवरी तक | 16.50 | 33000 | 66000 | 97900 | 11.09.2026, 15.09.2026 व 18.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | बान नदी | सरैंडा से ऊॅटगिरी तक | 16.50 | 33000 | 66000 | 2000 | |
| 3 | | | खेरागढ से दनकशा तक | 7.60 | 15200 | 30400 | 5680 | |
| 4 | | वसुंधरा नदी | भारा से गुलाबगंज तक | 3.00 | 6000 | 12000 | 2000 | |
| 5 | | पार्वती उटंगन नदी | नन्दापुरा से अरनौटा तक | 1.00 | 2000 | 4000 | 2000 | |
| 6 | | | जाजऊ की सराय से खेडिया अखवाई नन्दपुरा तक | 13.50 | 27000 | 54000 | 2000 | |
| 7 | | खारी नदी | मुरकिया से ऊसरा के पुल तक | 3.90 | 7800 | 15600 | 7200 | |
| 8 | | | इरादतनगर से टूला मुहाने तक | 8.38 | 16760 | 33520 | 2000 | |
| 1 | किरावली | खारी नदी | तेरह मोरी से रेलवे पुल सिंगारपुर तक | 4.00 | 8000 | 16000 | 12000 | 14.09.2026, 16.09.2026 व 21.09.2026 स्थान–कलक्ट्रेट सभागार आगरा समय अपरान्ह 1:00 बजे |
| 2 | | | 100 मी0 रेलवे पुल सिंगारपुर के पश्चात चैकोरा मोड तक | 1.60 | 3200 | 6400 | 12000 | |
| 3 | | | चैकोरा मोड से जैगारा तक | 10.50 | 21000 | 42000 | 3300 | |
| 4 | | | जैगारा से अकोला तक | 9.00 | 18000 | 36000 | 2200 | |
| 5 | | | खानपुर निठारी से नयाबॉस तक | 2.60 | 5200 | 10400 | 4500 | |
| 6 | | यमुना नदी | यमुना खण्ड–22 (ग्रा0पं0 सींगना की सीमा से ग्रा0पं0 रूनकता की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | – | – | इस वर्ष जनपद मथुरा से नीलामी होनी है। | |
| 7 | | | यमुना खण्ड–23 (ग्रा0पं0 मॉगरौल गूजर की सीमा से ग्रा0पं0 अकबरा की अंन्तिम सीमा तक) | 8.00 | – | – | | |

उ.प्र. 254441 दिनांक 04/08/2026

Website: www.upgov.nic.in

सहायक निदेशक मत्स्य
आगरा